**<u>श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 06.03.2024 को प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज में आयोजित पूर्वान्चल विकास बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त।</u>**

**बैठक की उपस्थिति संलग्न है।**

2- सर्वप्रथम आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा पूर्वान्चल विकास बोर्ड के मा0 उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् विशेष सचिव, नियोजन, जिलाधिकारी, प्रयागराज तथा मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज द्वारा बोर्ड के उपस्थित मा0 सदस्यगण का स्वागत किया गया।

3- आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा बैठक में उपस्थित श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, मा0 सद्स्यगण, विशेष सचिव, नियोजन तथा मण्डलीय अधिकारियों का स्वागत करते हुए प्रयागराज मण्डल के पौराणिक महत्व पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए मण्डल में कराये जा रहे निम्नलिखित महत्वपूर्ण विकास कार्यों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया:-

- प्रयागराज शहर के अन्दर प्रमुख स्थलों पर 04 लेन सड़कों का निर्माण कार्य।
- जनपद प्रयागराज से कौशाम्बी होते हुए राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य।
- जनपद प्रयागराज में आगामी महाकुम्भ के आयोजन के दृष्टिगत सभी प्रमुख स्थलों से कनेक्टिविटी के लिए रेलवे की 900 करोड़ की परियोजना स्वीकृत हुई है जिसका प्रथम चरण महाकुम्भ 2025 से पहले पूर्ण हो जायेगा।
- जनपद प्रयागराज में प्रमुख प्राचीन मन्दिरों में 'फेस अपलिफ्ट' का कार्य।
- जनपद प्रयागराज में कुम्भ क्षेत्र में रोपवे का कार्य महाकुम्भ से पूर्व सम्पादित कराया जाना।
- इनर रिंग रोड का कार्य प्रगति पर।

4- विशेष सचिव, नियोजन द्वारा पूर्वांचल विकास बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों तथा बैठक में उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए बोर्ड के गठन, उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से पूर्वांचल क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने के लिए परामर्शी संस्था के रुप में पूर्वांचल विकास बोर्ड का गठन हुआ है। इस बोर्ड का प्रमुख कार्य प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के विकास हेतु सुझाव देना है। इस बोर्ड की प्रथम बैठक जुलाई, 2019 में मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में लोक भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। तत्पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार इस बोर्ड की बैठकें पूर्वांचल सम्भाग के विभिन्न मण्डलों में आयोजित हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल विकास बोर्ड के तत्वावधान में

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन भी हो चुका है। प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज में बोर्ड की यह चौदहवीं बैठक है। पूर्वांचल विकास बोर्ड की पूर्व में सम्पन्न बैठकों के कार्यवृत्तों को सम्बन्धित विभागों को सम्यक परीक्षण करके परीक्षण आख्या/कृत कार्यवाही से बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण को अवगत कराने हेतु प्रेषित किया जा चुका है जिसके क्रम में विभागों से प्राप्त परीक्षण आख्या से मा0 पदाधिकारीगण को समय-समय पर अवगत भी कराया गया है।

5- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों, आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, विशेष सचिव, नियोजन, जिलाधिकारी प्रयागराज तथा सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात् मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण को अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया।

6- श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वांचल विकास बोर्ड द्वारा निम्न कार्यों को कराये जाने पर बल दिया गया:-

- प्रदेश के अल्प वेतनभोगी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी/दिहाड़ी मजदूर, रेहड़ी, पटरी वालों को भी आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाना।
- आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना की यूनिट 6 से घटा कर 4 यूनिट किया जाना।
- प्रदेश के ग्राम पंचायत सचिव और लेखपाल/सफाईकर्मी की भी बायोमैट्रिक अटेंडेन्स लगाया जाना।
- आर0टी0ई0 का लाभ गरीब बच्चों को ही दिये जाने पर विचार करना।
- जनपद आजमगढ़ के विकासखण्ड तरवॉ, ग्राम पंचायत रासेपुर में प्राचीन शिव मन्दिर कैम्पस का सुन्दरीकरण किया जाना और इसे पर्यटन स्थल घोषित किया जाना।
- जनपद अमेठी के विकासखण्ड मुसाफिरखाना के ग्राम दादरा स्थित शक्तिपीठ मॉ हिंगलाज मन्दिर को पर्यटन स्थल घोषित किया जाना।
- जनपद अमेठी से होकर गुजरने वाली जौनपुर ब्रांच नहर की पटरी का तहसील तिलोई से मुसाफिरखाना तक चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण किया जाना।
- जनपद अमेठी में विद्युत दुर्घटना में पिछ्ले एक साल में 05 कर्मचारियों/आम नागरिकों की मृत्यु हो गयी। अत: सभी मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा (यथा- 50-50 लाख रू0) दिये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद अमेठी के जामों विकासखण्ड के भोगीपुर से बरौलिया तक मार्ग के टेण्डर होने के उपरान्त भी कार्य प्रारम्भ न होने के आलोक में इस परियोजना पर कार्य प्रारम्भ कराया जाना।

- अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना विकासखण्ड के अन्तर्गत कादूनाला भौरी सम्पर्क मार्ग से पूरे निहालदूबे से ग्राम दिहौली सरहद तक सड़क निर्माण का कार्य किया जाना (लगभग 1.5 कि0मी0)।
- अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना विकासखण्ड के ग्राम नारा सम्पर्क मार्ग से राधे श्याम पाण्डे के दरवाजे से होते हुए कादूनाला भौरी सम्पर्क मार्ग (कन्या पाठशाला के पास) तक सड़क निर्माण का डामरीकरण किया जाना (लगभग 1 कि0मी0)।
- अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना विकासखण्ड के ग्राम नारा अठनपुर के ग्राम पीपरपुर से ग्रामसभा पीपरी तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण किया जाना (लगभग 1 कि0मी0)।
- ग्राम पंचायत सचिवालय को जनसुविधा केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना।
- न्याय पंचायत स्तर पर महीने में एक बार ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, पंचायत मित्र, ए0डी0ओ0 पंचायत और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ किसान समाधान दिवस का आयोजन किया जाना।
- अमेठी जनपद में जायस-जगदीशपुर मार्ग से पूरे चितई होते हुए पूरे दीवान में खड़ंजा तक पक्की सड़क का निर्माण कार्य किया जाना।
- अमेठी जनपद के जामो विकासखण्ड में जामो से बरौलिया पूरे दीवान सिंह में पक्की सड़क का निर्माण किया जाना (लगभग 02 कि0मी0)।
- अमेठी जनपद के जामो विकासखण्ड के ग्राम दूरामऊ में नएपुरवा के पास माइनर में वर्षों पुरानी साइफन का पुनर्निर्माण कराया जाना।
- जनपद सुल्तानपुर के विकासखण्ड बल्दीराय के ग्राम व पोस्ट डीह में बारातघर का निर्माण कराया जाना।
- जनपद सुल्तानपुर के विकासखण्ड बल्दीराय के ग्राम व पोस्ट डीह में स्टेडियम का निर्माण कराया जाना।
- जनपद प्रयागराज में आवासीय कालोनी के मार्गों का चौड़ीकरण किया जाना।
- जनपद प्रयागराज के नैनी स्थित अरैलमोढ चौराहे पर ट्रैफिक जाम की समस्या का त्वरित निदान किया जाना।
- प्रयागराज की समस्त सड़कों पर डिवाइडर बनाया जाना।
- सड़कों के निर्माण कार्य के समय अन्य विभागों द्वारा डाली जाने वाली पाईपलाईन, सीवरलाईन आदि के लिये एक मास्टर प्लान बनाया जाना।
- प्रयागराज में अवैध टैक्सी स्टैण्ड समाप्त किया जाना और सिटी बसों को सिर्फ स्टापेज पर ही रोका जाना।
- प्रयागराज की सड़कों को गड्डामुक्त किया जाना।
- प्रदेश में किसी की मृत्यु के पश्चात परिजनों को मृतक प्रमाण पत्र एक सप्ताह के भीतर दिया जाना।
- पी0एच0सी0 और सब सेन्टर पर जॉच और डिलीवरी आदि की व्यवस्था किया जाना।

- देवीपाटन मण्डल को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाना।
- गोण्डा जनपद के जयप्रभा ग्राम को विकासखण्ड घोषित किया जाना।
- प्रयागराज में डिफेंस कॉरीडोर स्थापित किया जाना।
- बैंक द्वारा कर्ज वसूली में सम्मानजनक व्यवहार किया जाना।
- जनपद अमेठी के विकासखण्ड शाहगढ़ के अन्तर्गत शिवनगर (कुंडा चौराहा) से पनियार पावर हाऊस तक नहर की पटरी का निर्माण कार्य किया जाना (लगभग 12 कि0मी0)।
- जनपद अमेठी के शाहगढ़ विकासखण्ड के अन्तर्गत कुंडा नेवादा से कसरावा होते हुए ब्लाक मुख्यालय तक सड़क निर्माण कार्य कराया जाना (लगभग 10 कि0मी0)।
- जनपद अमेठी के शाहगढ़ विकासखण्ड के अन्तर्गत चंदौकी से शाहगढ़ सम्पर्क मार्ग से हरदोइया कसरावा मार्ग का निर्माण कराया जाना (लगभग 2 कि0मी0)।

7- श्री परदेशी रविदास, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- नगर पालिका परिषद महराजगंज के वार्ड नंबर-8 पटेल नगर मलिन बस्ती से होते हुए श्री सुभाष जी गायत्री परिवार के कार्यकर्ता के आवास होते हुए पुराना नगर पालिका गेट के पहले तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण (लगभग 1 किमी0)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0- 8 पटेल नगर मलिन बस्ती के राम सवारे व रामबिलास जी के आवास से पुराना नगर पालिका गेट के पहले तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 500 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-10 आगनबाड़ी केन्द्र से महेन्द्र पटेल के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण (लगभग 300 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-10 श्री विद्यासागर पटेल के घर के सामने पिच मार्ग से चमरहिया रोड तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 700 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-10 रुदल टोले मलिन बस्ती से चमरहिया बस्ती तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण (लगभग 1.5 कि0मी0)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-17 श्री रामराज निषाद के किराना दुकान से चमरहिया पिच मार्ग तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण (लगभग 300 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-17 एवं वार्ड नं0-10 के फरेन्दा रोड के पिच मार्ग से तरकुलवा पिच रोड तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य (लगभग 1.5 किमी0)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-10 राजकुमार के दुकान से होते हुए मुन्ना जायसवाल के घर से चमरहिया बस्ती नहर पुल तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण (लगभग 1.5 किमी0)।

- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-25 धनेवा धनेई नहर रोड से मजहर के आवास से पिन्टू तिवारी जी के आवास होते हुए स्वर्गीय रामपूजन कनौजिया के आवास तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 600 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-12 नहर से सीधे नगर पालिका गेट तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 600 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-12 पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर के रफीक के घर से श्री भुटेली तिवारी के आवास तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 300 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-12 पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर निचलौल रोड से लारी मेडिकल दुकान से मिठ्ठू के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य (लगभग 1 कि0मी0)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-13 मेन रोड संत गुप्ता के घर से बलिया नाला तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य (लगभग 600 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-13 मेन रोड पटेल साइकिल स्टोर के सामने से बलिया नाला तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य (लगभग 700 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-13 सक्सेना नगर प्रज्ञा फीलिंग पम्प के सटे दक्षिण तरफ से बलिया नाला तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण (लगभग 700 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-13 सक्सेना नगर मेन रोड पावर ट्रैक्टर एजेन्सी के ठीक सामने राजेन्द्र गुप्ता के घर के पास से सुकठिया चकरोड तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण (लगभग 600 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद महराजगंज वार्ड नं0-13 सक्सेना नगर सुकठिया रोड के पास से सहबान के घर से बृजेश विश्वकर्मा के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य (लगभग 300 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के विकास खण्ड सदर में एक सभागार कक्ष का निर्माण कराये जाने पर विचार करना।
- जनपद महराजगंज नगर पंचायत घुघली वार्ड नं0-5 नेहरु नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कराया जाना।
- जनपद महराजगंज में विकासखण्ड सदर में कृषि रक्षा इकाई का कार्यालय निर्माण एवं उच्चीकरण कराया जाना।
- जनपद महराजगंज में जिला परिषद मार्केट के व्यापारिक प्रतिष्ठान में महात्मा गांधी पार्क का उच्चीकरण एव सौन्दर्यीकरण एवं एक अतिथि कक्ष का निर्माण कराया जाना।
- जनपद महराजगंज में जिला परिषद मार्केट के व्यापारिक प्रतिष्ठान में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया जाना।

- नगर पालिका परिषद वार्ड नं0-1 नेहरु नगर भाजपा कार्यालय के ठीक सामने से नहर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 100 मीटर)।
- जनपद महराजगंज में नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर मलिन बस्ती राजचन्द्र हरिजन के घर से लालमन हरिजन के घर तक आर0सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज में नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर मलिन बस्ती संजीव पटेल के घर से हीरानाथ के घर होते हुए लालमन हरिजन के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 150 मीटर)।
- जनपद महराजगंज में नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर मलिन बस्ती ध्रुव नारायण राजभर के घर से केवल राजभर के जमीन तक आर0सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य (लगभग 150 मीटर)।
- जनपद महराजगंज में नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर में एन एच 730 मेन रोड से सत्य नारायण सिंह के घर होते हुए राधेश्याम मलिन बस्ती तक आर0सी0सी0 निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर मलिन बस्ती जयसिंह के खेत से महेन्द्र सिंह के घर तक आर0सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 100 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर में स्वर्गीय सुरेन्द्र सिंह के खेत से श्री कुमार सिंह के खेत तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 150 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर में अम्बेडकर पार्क बनाये जाने पर विचार करना।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत परतावल में वार्ड नं0-3 गौतम बुद्ध नगर मलिन बस्ती काली मंदिर से प्रदीप के घर होते हुए मोहन राजभर के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-3 गौतम बुद्ध नगर मलिन बस्ती जयसिंह कनौजिया के घर से सरवन कनौजिया के घर होते हुए यशवन्त जी के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 150 मीटर)।
- जनपद महराजगंज नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-14 महात्मा गांधी नगर भगवती के घर से ब्रम्हबाबा के मंदिर होते हुए पिच रोड तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-14 महात्मा गांधी नगर में रमई पाल के घर से राजकुमार के घर होते हुए पिच रोड तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।

- जनपद महराजगंज नगर पंचायत परतावल के वार्ड नं0-14 महात्मा गांधी नगर में श्री हरी के घर से प्रमोद के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर में मेन रोड से मलिन बस्ती मिन्टू लाल के घर होते हुए रामानन्द के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 300 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर की मलिन बस्ती में श्री हीरा के घर से श्री विजय निषाद के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर में मलिन बस्ती श्री रामबिलास के घर से श्री रुदल के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 150 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर में सचीन्द्र सिंह के घर से काली मंदिर होते हुए राममिलन तिवारी के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य (लगभग 400 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर में श्री मुनीब के घर से शिव चरन के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर मेन रोड से श्री उमेश चन्द्र के स्कूल होते हुए अलगू के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 300 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर में काली मंदिर से श्री कुँवर सिंह के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-8 कृष्णा नगर में मेन रोड पर प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-7 रामजानकी नगर में श्री विद्यासागर सिंह के घर से अक्षयवर सिंह के घर होते हुए निक्कू सिंह के बगीचे तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 100 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-7 रामजानकी नगर में पंचायत भवन से श्री रामचन्द्र सिंह के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 150 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-7 रामजानकी नगर में श्री चन्द्रभूषण सिंह के मकान से पी0डब्लू0डी0 सड़क तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 100 मीटर)।

- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-7 रामजानकी नगर में श्री रामआसरे शर्मा के दुकान से होते हुए श्री शंकर शर्मा व श्री प्रकाश विश्वकर्मा के घर तक आर0सी0सी0 एवं नाली व ढक्कन सहित कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-7 रामजानकी नगर में छठ घाट पोखरी का सौन्दर्यीकरण एवं पथ निर्माण कार्य।
- जनपद महराजगंज के नगर पंचायत पनियरा वार्ड नं0-7 रामजानकी नगर में कृष्णा डिग्री कॉलेज से रामजानकी मंदिर होते हुए पंचायत भवन तक आर0सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य (लगभग 250 मीटर)।

8- श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- अस्सी के दशक में शंकरगढ़, प्रयागराज में पेट्रोलियम कम्पनी की रिफाइनरी के लिये भूमि का अधिग्रहण हुआ था किन्तु अभी तक रिफाइनरी नहीं बनी है। अत: रिफाइनरी न बनने की दशा में उसके स्थान पर डिफेंस कॉरीडोर की स्थापना हेतु भूमि प्रदान किये जाने विचार करना चाहिये।
- लगभग 20 वर्ष पूर्व करछना प्रयागराज के कचरी में पावर प्लांट हेतु भूमि अधिग्रहीत की गयी किन्तु पावर प्लांट नहीं लग सका है। अत: उक्त भूमि पर अन्य कोई उद्योग लगाने पर विचार किया जाना चाहिये।
- मेजा कताई मिल को चालू किया जाना या किसी अन्य उद्योग को दिया जाना।
- जलवायु परिवर्तन पर विशेषज्ञों की एक टीम बनाकर अध्ययन कराया जाना एवं कृषि कार्य का कैलेण्डर बदलने पर विचार किया जाना।
- प्रयागराज जनसंख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। अत: यमुनापार क्षेत्र की मेजा, करछना, कोरॉव, बारा तहसीलों को मिलाकर नए जिले का सृजन किये जाने पर विचार किया जाना चाहिये।
- कोरॉव और मेजा विकासखण्ड के हिस्सों को काटकर खीरी में नए विकासखण्ड का सृजन किया जाना।
- वर्ष 2025 में होने वाले कुम्भ के लिए अधिकतम स्थायी निर्माण कराने पर विचार किया जाना।
- लोगों के घरों पर सौर ऊर्जा हेतु सरकार की योजना को अधिकतम लाभ देने में स्थानीय सम्बन्धित विभाग द्वारा सहयोग प्रदान किया जाना चाहिये।
- विद्युत कर्मियों के आवासों पर विद्युत मीटर लगाने पर विचार किया जाना।
- सहायक अभियन्ता कार्यालय स्तर पर सौर ऊर्जा सहायता पटल बनाने पर विचार किया जाना।
- सिंचाई हेतु किसानों को मुफ्त बिजली देने की कार्यवाही सुनिश्चित कराना।
- सिंचाई हेतु किसानों को अलग कनेक्शन देने पर विचार किया जाना।

- विकासखण्ड माण्डा के बेला चौहान से बेला केवटान प्राथमिक विद्यालय तक सड़क निर्माण किया जाना।
- विकासखण्ड माण्डा के कुखुड़ी से राजापुर मुख्य सड़क तक सड़क का निर्माण किया जाना।
- माण्डा खास से बरौंका तक सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जाना।
- इटवा, घोरी, सुजनी, पालपट्टी डांडी सड़क का पुनर्निर्माण कार्य कराया जाना।
- महात्मा गॉधी मार्ग मेडिकल चौराहे पर स्थित लोक निर्माण विभाग मुख्य अभियन्ता का आवास मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज को लड़कियों के छात्रावास निर्माण हेतु दिया जाना।
- महात्मा गॉधी मार्ग पर स्थित अनेक अधिकारियों के आवास को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के विस्तार हेतु दिया जाना।
- राजापुर रोडवेज वर्कशाप को शहर से बाहर स्थानान्तरित किया जाना और उस परिसर को मेडिकल कालेज या अस्पताल बनाने पर विचार किया जाना।
- सिरसा और सैदाबाद को जोड़कर गंगा नदी पर नया पुल बनाया जाना।
- पंडुआ प्रतापुर और सरांय अकिल के मध्य यमुना नदी पर पुल बनाया जाना।
- रसूलाबाद से द्रोपदीघाट तक गंगा नदी के किनारे बांध बनाकर बहुत बड़े क्षेत्र को जलभराव से मुक्त कराये जाने पर विचार करना।
- विकासखण्ड हंडिया, प्रयागराज परिसर में 500 की क्षमता का सभागार बनाया जाना।
- सहकारी संघ लेड़ियारी, प्रयागराज का भवन बनाने पर विचार किया जाना।
- प्रयागराज के उद्योग नगर नैनी की बन्द पड़ी इकाईयों यथा- काटन मिल, इण्डियन टेलीफोन, बी0पी0सी0, टी0एस0एल0 आदि को पुर्नजीवित किया जाना अथवा भूमि/परिसर को किसी अन्य उद्योग को आवंटित किया जाना।
- मृदा परीक्षण विकासखण्ड स्तर पर मुफ्त और सहज कराने की व्यवस्था कराया जाना।
- विकासखण्ड मेजा, प्रयागराज के चमारीपुर-करह में लपरी नदी पर लिफ्ट सिंचाई हेतु सर्वे कराया जाना और उपयुक्त होने पर लिफ्ट कैनाल बनाकर हजारों हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने पर विचार किया जाना।
- बेलन नहर और शारदा सहायक नहरों में सिल्ट की सफाई कराया जाना।
- बाण सागर से प्राप्त पानी का उचित प्रबंधन किया जाना।
- प्रयागराज एयरपोर्ट को महाकुंभ 2025 से पहले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाया जाना।

9- श्री जितेन्द्र पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद गाजीपुर में स्थित महाहर धाम का सुन्दरीकरण कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाना।
- जनपद गाजीपुर में बड़े पैमाने पर सब्जियों यथा- मटर, मिर्च, टमाटर की खेती होने के दृष्टिगत उनके रखरखाव हेतु 01 बड़ा शीतगृह बनाये जाने की व्यवस्था किया जाना।

- जनपद गाजीपुर में बन्द पड़ी चीनी मिल, कताई मिल तथा अफीम कारखाने आदि को पुनर्जीवित कराने अथवा इनकी भूमि/बिल्डिंग का उपयोग अन्य विकास कार्यों में किये जाने पर विचार करना।
- जनपद गाजीपुर में अंग्रेजों के समय निर्मित हवाई अड्डे को क्रियाशील कराया जाना।

10- श्री बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद बहराइच की आदर्श नगर पंचायत पयागपुर में गोण्डा-बहराइच मार्ग पर स्थित गाँव की आबादी के उपयोग में आने वाला पुल विगत 02 वर्षों से टूटा हुआ है जिससे आस-पास के गांवों के जनमानस को आवागमन में असुविधा होती है। अत: इस पुल की मरम्मत कराये जाने पर विचार किया जाना चाहिये।
- जनपद बहराइच की नगर पंचायत पयागपुर में बरसात के मौसम में लगभग 70 फीसदी घरों में जल भराव की गंभीर समस्या होती है जिसके कारण लोगों को विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ता है। अत: जल निकासी हेतु समुचित प्रबंध कराये जाने पर विचार किया जाना चाहिये।
- जनपद बहराइच के पयागपुर-हजूरपुर स्थित मार्ग पर स्थित पौराणिक स्थल बाबा बागेश्वरनाथ धाम मंदिर का सौन्दर्यीकरण कराया जाना।
- जनपद बहराइच में एशिया की द्वितीय स्तर की सबसे बड़ी झील है जो पक्षी विहार भी घोषित है। अत: इस झील का सौन्दर्यीकरण कर पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करके वहां के जनमानस के लिए विभिन्न स्वरोजगार सृजित कराया जाना चाहिये।
- जनपद बहराइच में स्थित विकासखण्ड विशेषरगंज बाजार को टाऊन एरिया बनाया जाना।
- जनपद श्रावस्ती के विकासखण्ड जमुनहा में बाबागंज मल्हीपुर रोड से चमारपुरवा तक पिच रोड (लगभग 900 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद श्रावस्ती के विकासखण्ड जमुनहा में बाबागंज मल्हीपुर रोड से मथुरा पुरवा बरदोहरा तक पिच रोड (लगभग 1.5 किमी0) का निर्माण कार्य।
- जनपद श्रावस्ती के विकासखण्ड जमुनहा के परसोहना फतेहपुर बनगई रोड से परसोहनी गांव तक पिच रोड (लगभग 800 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद श्रावस्ती के विकासखण्ड बलहा के तुलसीपुर गांव से हथघरवा स्कूल तक पिच रोड (लगभग 900 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद बलरामपुर के विकासखण्ड कौआपुर के ग्राम पूरेबक्स लौकहवा से बलरामपुर-तुलसीपुर मार्ग (लगभग 900 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद बस्ती के विकासखण्ड परशुरामपुर के कोहराये- रजवापुर मार्ग से बरईपुरवा कोहराये मार्ग (लगभग 700 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद बस्ती के टाऊन एरिया हरैया में मछुघाट अमारी बाजार मार्ग में स्थित छोटा पुरवा सिसई पर राम चन्द्र की दुकान से बन्धा होते हुए तथा बड़ी सिसई से नेशनल हाईवे तक

पिच रोड (लगभग 1.5 किमी0) तथा कृषि फार्म से विद्‌यालय होते हुए बांध तक आर0सी0सी0 (लगभग 300 मीटर) का निर्माण कार्य।

- जनपद बस्ती के टाऊन एरिया हरैया कृषि फार्म से मछुघाट कांशीराम के पुरवा के पश्चिम तथा दक्षिण किनारे से दूसरे मछुघाट पुरवा को जोड़ते हुए एन0एच0 28 तक आर0सी0सी0 (लगभग 700 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद बस्ती के नगर पंचायत कप्तानगंज में एन0एच0 28 से ग्राम खजुहा तक आर0सी0सी0 (लगभग 500 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद बस्ती के नगर पंचायत कप्तानगंज में एन0एच0 28 से ग्राम महुआ से रामलोटे के घर तक मार्ग (लगभग 500 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद बस्ती के नगर पंचायत कप्तानगंज के वार्ड नं0-14 सरदार भगत सिंह पदमाकर के घर से काली माता के स्थान तक आर0सी0सी0 (लगभग 100 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद बस्ती के नगर पंचायत बभनान में वार्ड नं0-14 चन्द्र शेखर आजाद नगर स्थित मुख्य नाला निर्माण तथा लोकहवा तालाब होते हुए वार्ड नं0-8 शक्ति नगर कुसेरा तालाब तक मार्ग (लगभग 3 किमी0) का निर्माण कार्य।
- जनपद बस्ती के नगर पंचायत बभनान के वार्ड नं0-3 लोहिया नगर पौराणिक मंदिर समय माता तथा भोले नाथ जी के मंदिर का सौन्दर्यीकरण कराना।
- जनपद बस्ती के विकासखण्ड गौरा स्थित वेल्वरिया जंगल चौराहा से विसुही नदी के घाट होते हुए जनपद गोण्डा के सीमा कुकनगर के सड़क तथा पुल के एप्रोच मार्ग का उच्चीकरण कराना।
- जनपद मऊ के विकासखण्ड रानीपुर में आजमगढ़-मऊ रोड स्थित ग्राम अनारी गांव में रमाकांत उपाध्याय के घर से दलित मोहल्ले तक आर0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।
- जनपद मऊ के विकासखण्ड परदहा से आजमगढ़ रोड पर रमेश ऐडवोकेट के घर तक आर0सी0सी0 मार्ग (लगभग 350 मीटर) का निर्माण कार्य।
- जनपद प्रयागराज के अन्तर्गत विकासखण्ड-करछना, पोस्ट-वीरपुर, ग्राम-मन्दौली के मुख्य मार्ग से श्री राम कैलाश के घर तक लगभग 1.5 कि0मी0 सड़क का निर्माण कराया जाना।
- जनपद अमेठी के ग्राम गड़रिया डीह, विकासखण्ड जगदीशपुर, तहसील- मुसाफिरखाना में स्थित ऐतिहासिक श्री राम-जानकी मन्दिर के जीर्णोद्‌धार हेतु समुचित धनराशि आवण्टित करने पर विचार करना।

11- श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्‌वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद सोनभद्र में जनपद मुख्यालय से लगभग 10 कि0मी0 पश्चिम की ओर दुर्गम पहाड़ी पर स्थित कर्नाटक राज्य के राज्य गुरू कण्व ऋषि की तपोस्थली है। यहां पूरे वर्ष कर्नाटक राज्य से श्रद्‌धालू आते हैं। उनके द्‌वारा भगवान गिरजा शंकर धाम के समीप ही अपने आराध्य ऋषि कण्व की प्रतिमा स्थापित करायी गयी है। इस स्थान तक पहुंचने के लिए सुगम मार्ग एवं प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था नहीं है। वन भूमि होने के कारण सड़क

निर्माण नहीं हो पा रहा है। अतः पर्यटन विभाग एवं वन विभाग से आपस में सामंजस्य स्थापित कर कण्व ऋषि की तपोस्थली क्रीं कोट/कण्डाकोट जाने के लिये सम्पर्क मार्ग एवं प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है।

- जनपद सोनभद्र में अजिरेश्वर धाम पर पानी की घोर समस्या है। मन्दिर के पास अजीर नदी एक बरसाती नदी है जिसमें हमेशा पानी नहीं रहता है। अतः मन्दिर के रहवासियों तथा श्रद्धालुओं के लिये पानी का संग्रह किये जाने हेतु मन्दिर के पास नदी में पक्का रपटा बनाये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद सोनभद्र में मारकण्डेय ऋषि, सन्त कीनाराम तथा कागभुषुण्डी की तपोस्थली कैमूर पर्वत श्रृंखला का सर्वोच्च शिखर ओम पर्वत स्थित है। इस पर्वत के शिखर पर अत्यन्त प्राचीन शिव मन्दिर स्थित है तथा अन्य देवी, देवताओं के विग्रह भी हैं। यहां सावन में तथा शिवरात्रि पर मेले लगते हैं जिनमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में स्थानीय तथा अन्य जनपदों व प्रान्तों से भी श्रद्धालु आते हैं। यहां पहुंचने का लगभग 7-8 किलोमीटर मार्ग वन भूमि में है जहां वन विभाग की आपत्ति के कारण सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसके लिये पर्यटन विभाग एवं वन विभाग से सामंजस्य स्थापित कर इसका समाधान निकाले जाने की आवश्यकता है।
- जनपद सोनभद्र में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण-साडा में स्वीकृत 29 पदों के सापेक्ष केवल 09 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। अतः साडा में कर्मचारियों की नियुक्ति किये जाने पर विचार किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद सोनभद्र में 06 गांव के 122 मजरों में बिजली नहीं है। 35 से अधिक मजरें मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ पाये हैं। इसके अतिरिक्त 63 गांव में मोबाइल का नेटवर्क नहीं आता है तथा 100 से अधिक गांव पेयजल के लिये नदी, तालाब और चुआड़ के पानी पर आश्रित हैं। सम्पर्क मार्ग से कटे इलाकों में चोपन ब्लाक के टोले (कर्मसार, पालस, थाडर, खैराही, सेमरतर, टेडी तेन, बेरपुर, गड़ा पाथर, कुरक्तिया, कबरौल, पंचपिड़िया आदि), म्योरपुर ब्लाक के टोले (रणहौर की बस्ती, उंचबड़वान, खुंटहा आदि), सदर ब्लाक का गडौरा, घोरावल ब्लाक का तिलहर, नगवां ब्लाक में ग्राम पंचायत चेरूई के बंधा, भावा आदि गांव आते हैं। अतः जनपद के इन गांवों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराकर रहवासियों को मुख्य धारा से जोड़ना अपेक्षित है।

12- श्री जय प्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर में निषादराज का भव्य मन्दिर का निर्माण कराया जाना।
- खनन कार्य में मशीनों के उपयोग से पर्यावरण को क्षति पहुँचने के आलोक में श्रमिकों से खनन कार्य कराये जाने पर विचार करना।

- संगम, प्रयागराज आदि वृहद स्तर के मेलों में पारिश्रमिक के आधार पर गोताखोरों को तैनात किया जाता है। अत: इस प्रकार के गोताखोरों हेतु नियमित नौकरी सृजित किये जाने पर विचार किया जाना चाहिए।
- मत्स्य पालन से सम्बन्धित विविध योजनाओं यथा- प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत सभी आने वाले लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु मेले, प्रदर्शनी, सेमिनार आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किये जाने पर विचार करना।

13- श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद गोरखपुर के विकासखण्ड भरोहिया के ग्राम हिरूआ मुख्य मार्ग पर स्थित जीर्ण-शीर्ण पुलिया का निर्माण कराया जाना (लम्बाई लगभग 10 मी0)।
- जनपद गोरखपुर के विकासखण्ड भरोहिया में सिंचाई विभाग मेन बंधे से राजस्व ग्राम लक्ष्मीपुर गांव तक सी0सी0 रोड का निर्माण कराया जाना (लम्बाई लगभग 01 कि0मी0)।
- जनपद गोरखपुर के विकासखण्ड भरोहिया के ग्राम पंचायत हिरूआ के लक्ष्मीपुर एवं हिरूआ खास गांव को बाढ़ से बचाने हेतु रिंग बांध का निर्माण कराया जाना।
- जनपद गोरखपुर के विकासखण्ड भरोहिया में बढ़या-रिगौली (टेढ़ावीर) बंधे से बान गांव तक पिच रोड निर्माण कराया जाना (लम्बाई लगभग 05 कि0मी0)।
- जनपद गोरखपुर के विकासखण्ड भरोहिया में पड़रहवा से मझौना होते हुए हिरूआ गांव तक की सड़क का चौड़ीकरण कराया जाना (लम्बाई लगभग 02.50 कि0मी0 तथा चौड़ाई 7 मीटर)।

14- डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद प्रयागराज में मेजा रोड पर मण्डी परिषद की बिल्डिंग लगभग 20 वर्ष पूर्व बनी है, जो कई वर्षों से बन्द पड़ी है। अत: इसके समुचित उपयोग हेतु विचार किया जाना चाहिए।
- जनपद प्रयागराज में पराग डेयरी के पास अत्यधिक भूमि है जिसका विकास कार्यों हेतु उपयोग किये जाने पर विचार किया जाना चाहिए।
- जनपद प्रयागराज में निचले इलाकों यथा- जार्ज टाउन, अलोपीबाग आदि में जलभराव की समस्या को दूर करने हेतु विशेषज्ञ टीम के सहयोग से संस्तुतियॉ तैयार कराकर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद प्रयागराज में कई स्थान पर नालों को सीवर लाईन से तथा सीवर लाईन को नालों से जोड़ दिया गया है। अत: सीवर लाईन एवं नाले का उत्प्रवाह अलग-अलग किये जाने पर विचार किया जाना चाहिए।
- जनपद प्रयागराज में कई स्थानों पर अर्द्धकुम्भ के समय सड़कों पर लगायी गयी रेलिंग जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। अत: डिवाइडर तथा सड़कों के किनारे लगी क्षतिग्रस्त रेलिंग ठीक कराये जाने की आवश्यकता है।

15- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक में चर्चा के दौरान बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण द्वारा उठाये गये महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रशासनिक अधिकारियों/ विभागीय प्रतिनिधियों से जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

15.1 **<u>मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज</u>**

मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज द्वारा जनपद प्रयागराज में सभी विकासखण्डों में पंचायत सचिवों की उपस्थिति बायोमीट्रिक मशीन से होने, ग्राम पंचायतों में जाने के लिये पंचायत सचिवों के दिन निर्धारित होने तथा शासनादेश के अनुसार ग्राम पंचायत सचिवालयों द्वारा सुचारू रूप से आनलाईन सुविधायें प्रदान किये जाने आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

15.2 **<u>मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी</u>**

मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा मॉ शीतला माता मन्दिर, कड़ा के पास लोक निर्माण विभाग के बड़े गेस्ट हाऊस का निर्माण तथा ग्रामीण आवासों का सत्यापन अन्तर्विभागीय टीम से कराये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

15.3 **<u>मुख्य विकास अधिकारी, प्रतापगढ़</u>**

मुख्य विकास अधिकारी, प्रतापगढ़ द्वारा जनपद में ऑवला के प्रसंस्करण केन्द्र की स्वीकृति, बेल्हा देवी मन्दिर से सम्बन्धित पर्यटन कार्य, सकरनी नदी का पुनरोद्धार, लगभग 03 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने तथा पूर्वान्चल विकास निधि के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का निरन्तर अनुश्रवण कराये जाने आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

15.4 **<u>मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर</u>**

मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर द्वारा मृदा परीक्षण हेतु केन्द्र, स्पोर्टस कालेज के निर्माणाधीन होने तथा मेडिकल कालेज का कार्य पूर्ण होने आदि विकास कार्यों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

15.5 **<u>नगर विकास</u>**

नगर आयुक्त, प्रयागराज द्वारा अवगत कराया कराया गया कि जनपद प्रयागराज में नगर निगम क्षेत्र में सड़कों के डिवाइडर में लगी जीर्ण-शीर्ण रेलिंग को सूचीबद्ध कराकर इनका अनुरक्षण कराया जायेगा। इसके साथ ही सीवर लाईन से नाले के जुड़ने की दशा में इंटरसेक्शन प्वांइट पर जाली लगायी जा रही है। सभी सम्बन्धित संस्थाओं/विभागों के प्रयास से भविष्य में सीवर लाईन एवं नालों को आपस में न जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के तकनीकी सहयोग से वाटर लागिंग/जलभराव की समस्या को दूर करने के सम्बन्ध में भी कार्यवाही प्रगति पर है।

15.6 **बेसिक शिक्षा**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्रयागराज मण्डल में लगभग 97 प्रतिशत संतृप्तीकरण हो गया है तथा लगभग 85 प्रतिशत बच्चों का डी0बी0टी0 का कार्य पूर्ण हो गया है। इस क्रम में आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज ने अवगत कराया कि पढ़ाई में अच्छे बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश कराकर उनके शैक्षणिक विकास हेतु प्रोत्साहन दिये जाने विषयक विविध प्रयास किये जा रहे हैं। श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर बल दिया गया।

15.7 **माध्यमिक शिक्षा**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा माध्यमिक शिक्षा के संचालित कार्यक्रमों के साथ-साथ वर्तमान में बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन सम्पादित कराये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

15.8 **लोक निर्माण**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा प्रयागराज मण्डल में सड़कों से सम्बन्धित परियोजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक माह प्रयागराज मण्डल के जनपदों में सड़कों का निरीक्षण कर उसकी निरीक्षण रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग, आयुक्त तथा सम्बन्धित जिलाधिकारी को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

15.9 **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत कई अस्पतालों का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त सभी सी0एच0सी0 एवं पी0एच0सी0 का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

15.10 **ग्राम्य विकास**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखण्ड हंडिया, प्रयागराज में पुराने आडिटोरियम हॉल की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

15.11 **जिला पंचायत**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा जिला पंचायत के माध्यम से कराये जा रहे विकास कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए नियमित रूप से सड़कों के निरीक्षण कार्य किये जाने तथा मानक के अनुरूप न पाये जाने की दशा में नोटिस/नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

15.12 **पशुधन**

जिलाधिकारी, प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की गौशालाओं में लगभग 30000 गौवंश संरक्षित हैं। इसके साथ ही 150 भूसा बैंक भी बनाये गये हैं। 800 गौवंश

की क्षमता की गौशाला मेजा में बनायी जा रही है तथा 15 कैटिल कैचर भी उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। जनपद प्रयागराज का शंकरगढ़ क्षेत्र चित्रकूट जनपद की सीमा से लगे होने के कारण इस क्षेत्र में 02 वृहद गौशालाओं का प्रस्ताव भी विचाराधीन है।

16- विभागीय चर्चा के उपरान्त आयुक्त, प्रयागराज मण्डल द्वारा सभी मण्डलीय/सम्बन्धित जनपदीय अधिकारियों से बैठक में चर्चानुसार उभरकर आये विविध महत्वपूर्ण बिन्दुओं यथा- नैनी में बन्द पड़े उद्योगों की अद्यतन स्थिति तथा पुन: संचालित होने की सम्भावना, मृदा परीक्षण का अद्यतन स्टेटस, रैण्डम आधार पर चेकिंग एवं नमूनों की जियो टैगिंग कराने, विद्युत कर्मियों के आवासों पर मीटर लगवाने, विकासखण्ड हंडिया में 500 व्यक्तियों की क्षमता के सभागार के विषय में पूर्ण वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा सौर ऊर्जा का प्रचार-प्रसार वाल पेन्टिंग के माध्यम से कराये जाने आदि पर नियमानुसार कार्यवाही कर अवगत कराने की अपेक्षा की गयी।

17- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी:-

- जनपद आजमगढ़ में तमसा नदी (मड़या) के किनारे दोनों तरफ पक्का घाट का निर्माण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ के कोल बाज बहादुर में जल निकासी के लिये 400 मीटर पक्का नाला का निर्माण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ के कोल घाट में पानी की टंकी से कौड़िया बस्ती होते हुये कोल बाज बहादुर तक 700 मीटर सड़क का निर्माण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ के सदर तहसील में ग्राम जयरामपुर से सिधारी शंकर जी की मूर्ति तक 500 मीटर लम्बाई में हैवी नाला निर्माण किया जाना।
- जनपद जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर में फ्लाईओवर का निर्माण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ में बेलइसा में एक और फ्लाईओवर स्वीकृत है जिसके लिये धनराशि भी आवण्टित है। सेतु निगम ने अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया है। अत: इस सम्बन्ध में निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद जौनपुर के आउटर रिंग रोड को पूर्ण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ में रिंग रोड का निर्माण किये जाने पर विचार करना।

अन्त में जिलाधिकारी,प्रयागराज के धन्यवाद के उपरान्त श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

28/03/24

**प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव**

**विशेष सचिव**

**क्षेत्रीय नियोजन प्रभाग**

**(सचिवालय-पूर्वान्चल विकास बोर्ड)**

**राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग) उ0प्र0,**

**योजना भवन, लखनऊ**

संख्या: 189 /पी0बी0/क्षे0नि0प्र0/2023 दिनांकः 28 मार्च, 2024

**प्रतिलिपि:-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सभी पदाधिकारीगण।
2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
3. पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सभी सरकारी/विशेष आमंत्री सदस्य।
4. सम्बन्धित विभाग/उपस्थित अधिकारीगण।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव,नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

28/03/24

**(प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव)**

**विशेष सचिव**

**श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 06.03.2024 को प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज में आयोजित बैठक में प्रतिभागियों की उपस्थिति।**

1. श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
2. श्री जय प्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
3. श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
4. श्री परदेशी रविदास, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
5. श्री बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
6. श्री जितेन्द्र पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
7. श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
8. श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
9. डा0 के0पी0 श्रीवास्तव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
10. श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
11. श्री विजय विश्वास पंत, आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
12. श्री पी0 सी0 श्रीवास्तव, विशेष सचिव, नियोजन, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
13. श्री नवनीत सिंह चहल, जिलाधिकारी, प्रयागराज।
14. श्री चन्द्र मोहन, नगर आयुक्त, प्रयागराज।
15. श्री गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
16. डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
17. श्री नवनीत सेहरा, मुख्य विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
18. श्री पवन मीना, मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर।
19. श्री महावीर कौजलगी, मुख्य वन संरक्षक एवं डी0एफ0ओ0, प्रयागराज।
20. श्री आर0एस0 गौतम, संयुक्त विकास आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
21. श्री वी0के0 अग्रवाल, निदेशक, क्षेत्रीय नियोजन/ सचिवालय-पूर्वान्चल विकास बोर्ड, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
22. श्री विजय कनौजिया, मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
23. श्री वी0डी0 अम्बारदार, मुख्य अभियंता, विद्युत, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
24. श्री सतीश कुमार, मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, प्रयागराज।
25. श्री प्रमोद कुमार सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
26. डॉ0 राजेश कुमार, अपर निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
27. श्री लालजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त, उद्योग, एम0एस0एम0ई0, प्रयागराज।
28. श्री उमेश कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त, उद्योग, एम0एस0एम0ई0, वाराणसी।
29. श्री कमलेश कुमार, मुख्य वक्फ निरीक्षक, अल्पसंख्यक कल्याण, प्रयारागज मण्डल, प्रयागराज।
30. श्री ए0के0 दिवाकर, अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
31. श्री लोकेश चन्द्र, अधीक्षण अभियंता, विद्युत, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
32. श्री हरेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

33. श्री प्रवीण कुट्टी, अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण), उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
34. डॉ0 आर0के0 मौर्य, संयुक्त निदेशक, कृषि, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
35. श्री एस0के0 श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, प्रयागराज।
36. श्री भोलानाथ कनौजिया, जिला विकास अधिकारी, ग्राम्य विकास, प्रयागराज।
37. श्री राजेश मिश्रा, उप श्रमायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
38. श्री विनोद कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट/ परियोजना अधिकारी, डूडा, प्रयागराज।
39. श्री अशोक कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास, प्रयागराज।
40. श्री विनोद कुमार सिंह, उपायुक्त एवं उप निबंधक, सहकारिता, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
41. श्री रमेश कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक-2, माध्यमिक शिक्षा, प्रयागराज।
42. सुश्री तनुजा त्रिपाठी, सहायक निदेशक, बेसिक शिक्षा, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
43. श्री सुनील कुमार पाण्डेय, मण्डलीय समन्वयक, मध्यान्ह भोजन, बेसिक शिक्षा, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
44. श्री तेजई प्रसाद, वरिष्ठ शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
45. श्री पी0के0 राय, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण, प्रयागराज।
46. श्री देवेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण, प्रयागराज।
47. श्री नवीन कुमार शर्मा, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण, प्रयागराज।
48. श्री डी0के0 वर्मा, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण, प्रयागराज।
49. श्री दिनेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण, प्रयागराज।
50. श्री एस0पी0 चौधरी, अधिशासी अभियंता, सिंचाई, प्रयागराज।
51. श्री वी0के0 सिंह, अधिशासी अभियंता, जिला पंचायत, प्रयागराज।
52. श्री आर0के0 सिंह, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
53. श्री एस0पी0 मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
54. श्री विकास कुरील, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
55. श्री अमित राज, अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), प्रयागराज।
56. श्री संतोष कुमार, उप निदेशक, अर्थ एवं संख्या, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
57. श्री विजयपाल, उप निदेशक, मत्स्य, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
58. श्री अखिलेश सिंह, प्रभारी उप निदेशक, निर्माण, मण्डी परिषद, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
59. श्री अतुल कपूर, उप निदेशक (ए0/एम0), मण्डी परिषद, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
60. श्री इन्दल प्रसाद, डी0डी0सी0, मण्डी परिषद, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
61. श्री जयदीप त्रिपाठी, उप निदेशक, पंचायत, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
62. श्री के0एम0 चौधरी, उप निदेशक, उद्यान, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
63. डॉ0 शेषनाथ सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, प्रयागराज।
64. श्री सुधीर कुमार, उप निदेशक, समाज कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
65. श्री अभय कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
66. श्री राजेश कुमार सोनकर, उप दुग्ध विकास अधिकारी, प्रयागराज।
67. श्री कुमार गौरव, महाप्रबंधक, जलकल, प्रयागराज।

68. श्री कुंवर डी0पी0 सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, खाद्य एवं रसद, प्रयागराज।
69. श्री प्रवीण कुमार तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, बेसिक शिक्षा, प्रयागराज।
70. सुश्री अपराजिता सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, प्रयागराज।
71. श्री राम निवास यादव, शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
72. श्री राजेश कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, प्रतापगढ़।
73. डॉ0 सी0एल0 त्रिपाठी, अ0जि0स0 अधिकारी, सहकारिता, प्रयागराज।
74. डॉ0 ए0के0 शर्मा, महाप्रबन्धक, पराग डेयरी, प्रयागराज।
75. श्री देवव्रत बैस, सहायक अभियंता, सेतु निर्माण निगम लिमिटेड, प्रयागराज।
76. श्री विकास कुमार, सहायक अभियंता, सिंचाई, प्रयागराज।
77. श्री मनोज कुमार, सहायक अभियंता, लोक निर्माण, प्रयागराज।
78. श्री डी0के0 तिवारी, सहायक अभियंता, लोक निर्माण, प्रतापगढ़।
79. श्री यादवेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता, लघु सिंचाई, प्रयागराज।
80. श्री जीतेन्द्र अवस्थी, सहायक अभियंता, सिंचाई (बेलन नहर), प्रयागराज।
81. श्री समीर पाल, अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रयागराज।
82. श्री कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, सहायक अभियंता, सिंचाई, प्रयागराज।
83. श्री अजय कुमार सिंह, जिला/परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रयागराज।
84. डॉ0 गंगाराम वर्मा, सम्बद्ध क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उच्च शिक्षा, प्रयागराज।
85. श्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, प्रयागराज।
86. श्री दिनेश सिंह, जिला परियोजना अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार, प्रयागराज।
87. श्री कुमार गौरव, परियोजना अधिकारी, अतिरिक्त ऊर्जा, प्रयागराज।
88. श्री भीमचन्द गौतम, आर0एफ0एम0ओ0, खाद्य एवं रसद, प्रयागराज।
89. श्री सी0बी0 सिंह, सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी, पंचायतीराज, प्रयागराज।
90. श्री इन्द्रमणि पाण्डेय, सहायक सूचना निदेशक, सूचना विभाग, प्रयागराज।
91. श्री सतीश कुमार कुरील, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
92. श्री ओम प्रकाश, सहायक अर्थ एवं संख्याधिकारी, फतेहपुर।